महत्वपूर्ण एवं खास

## महिला हत्याकांड, घरघोड़ा पुलिस दूसरी बार जाएगी बिहार

रायगढ़, (आरएनएस)। घरघोड़ा के कसईया पुल के करीब 22 अक्टूबर की सुबह एक महिला की लाश मिली थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने मृतिका की पहचान कर ली है। वहीं संदेही आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पिछ्ले दिनों बिहार भी गई थी। पर आरोपी, पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। इसलिए पुलिस को बेरंग लौटना पड़ा। कुछ दिनों बाद एक बार फिर घरघोड़ा पुलिस, बिहार जाने की तैयारी में है। पुलिस की जाँच में मृतिका की पहचान काजल नामक महिला के रूप में हुई है। जो संदेही युवक के साथ घरघोड़ा क्षेत्र में एक किराया के मकान में रहती थी। घटना के एक दिन पहले मृतिका को संदेही युवक के साथ जाते हुए भी देखा गया था। पुलिस, महिला के इस हत्याकांड में आरोपी को जल्द पकड़ने की बात कह रही है।

## मोटर सायकल में भिंडत एक व्यक्ति की मौत तीन घायल

रायगढ़ , (आरएनएस)। खरसिया के देहजरी तिराहा के पास 17 नवबंर की दोपहर दो मोटर सायकल में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जहां एक व्यक्ति की सिर में आयी गंभीर चोट के कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तो वहीं एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक अमित प्रजापति के विरूद्ध अप.क्र. 561/17 धारा 279,337,304 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## जिला जेल में कैदियों का हुआ जांच परीक्षण

रायगढ़, (आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला क्षय नियंत्रण समिति, अक्षय परियोजना एवं जिला मानसिक रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गत दिवस जिला जेल, रायगढ़ में कैदियों के लिए जांच एवं परामर्श शिविर कार्यक्रम आयोजित की गई थी। शिविर में कुल 108 संदेहास्पद मरीजों की जांच की गई। जिसमें 21 मानसिक रोग, 16 मधुमेह संदेहास्पद तथा 5 उच्च रक्तचाप से संबंधित मरीज पाए गए।

# मोटर सायकल भिंडत में एक की मौत

रायगढ़, (आरएनएस)। ग्राम करौवाडीह जोबी का टिकेश्वर पटेल कल दोपहर में मोटर सायकल में पीछे डारआमा की कुमारी बाई को बैठाकर खरसिया जा रहा था जिसे देहजरी तिराहा के पास 3 बजे मोटर सायकल ग्लैमर का चालक अमित प्रजापति तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुये एक्सीडेंट कर दिया, अमित प्रजापति के मोटर सायकल के पीछे अशोक कुमार चौहान बैठा था, दुर्घटना में सभी को चोटें आयी तथा टिकेश्वर पटेल के सिर में आयी गंभीर चोट के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गयी घटना के संबंध में सूचना पर धारा 279,337, 304ताहि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

# एन टी पी सी के विरूद्ध किसान करेंगे आंदोलन

रायगढ़, (आरएनएस)। जिले के नदी नालो सरोवरों व बांधो पर सबसे पहला हक जनता काहोता हैं लेकिन रायगढ़ जिले में किसानो को रबि फसल के लिये पानी देने की बजाये फेक्ट्रीयों को पानी दिया जा रहा है एकता परिषद के जिला समन्वयक रघुबीर प्रधान ने प्रदेश के मुख्य सचिव विवेक ढांढ को इस संबंध में एक पत्र लिखा जिसमें किसानो को फसल के लिये पानी दिये जाने की मांग की गयी है पिछ्ले 25 वर्षो से रायगढ़ जिले के नदी,नाले व तालाबो पर में प्रशासनिक मिलीभगत से उद्योगों का कब्जा है जो 4 इंच से 12 इंच तक के अवैध रूप से बोर खुदवा कर भरपूर जल का दोहन कर रहें हैं जिसके प्रशासन,से कई बार शिकायत की जा चुकी हैं इसी कारण जिले का जल स्तर निरन्तर गिरते ही चला गया पर प्रशासनने कोंी ध्यान नहीं दिया रायगढ़ जिले में मुख्य सचिव के आदेश पर किसानो को रबि फसल के लिए पानी देने से मना कर दिया गया हैं जबकी वास्तविकता यह है की जितना पानी उद्योगपतियों को उद्योगों के लिये दिया जा रहा है उसका 25 प्रतिशत पानी भी किसानो,व आमजनता को निस्तारी के लिए उपलब्ध करवा दिया जाये तो रबि फसल की पूर्ति हो सकती है, लेकिन जिला प्रशासन की मिलीभगत से अवैध रूप से एन. टी.पी.सी-लारा उद्योग के द्वारा छपोरा व कांदगढ़ से पानी ले कर अपने तालाब का भराव किया जा रहा है जिसकी शिकायत भी हो चुकी है फिर भी प्रशासन,व्दाराकोई कार्यवाही नहीं की गयी और उलटे रबि फसल के नए सरकारी नियमो को बता कर किसानो के खिलाफ कार्यवाही करने की धमकी दी जा रही है ।जिले के किसानो एवम् आमजन ने जन हित में रबि फसल के लिए दिए गए आदेश को रायगढ़ जिले में रद्द करने की मांग की हैं नहीं तो किसानों को अपने हक के लिये आंदोलन करने विवश होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार ही होगी ।

# स्कूल के लिए निकली बालिका हुई लापता

रायगढ़, (आरएनएस)। ग्राम ननसिया की 14 वर्षीय बालिका कल सुबह करीब 11बजे घर से स्कूल पढ़ने गई थी , शाम करीब 5 बजे घर वापस नही आने पर उसकी मां अपने डेढ सास के साथ स्कूल खोजने गये। गांव की लड़की ने बालिका को ग्राम समकेला तमनार के एक लड़के के साथ देखना बतायी उसी रात समकेरा का युवक बालिका के घर स्कूल ड्रेस और बैग छोडने आया, जिसे बालिका की मां ने बालिका के विषय में पूछा तो युवक झगड़ा करने लगा और वहां से चला गया । आज बालिका की मां ने पुलिस चौकी जूटमिल में नबालिक बालिका को युवक द्वारा बहलाफुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी, रिपोर्ट पर धारा 363,366 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।

CAREER SCHOOL
Topper Students



Tarun Sahu 90% | Prerna 84% | Chetna 94% | Sejal 88% | Kusum 98%
Yamini 98% | Hitendra 99% | Rakesh 97% | Shiva 97% | Aayush 93%
Shraddha 93% | Akanksha 90% | Arpita 93% | Sushant 92% | Abhishek 99%
Priyanka 96% | Geetanjali 99% | Arpita 98% | Prince 97% | Prachi 97%
Tulika 96% | Pari 96% | Ananya 99% | Ankita 99% | Aradhya 97% | Ashish 96%

Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

## चोरी के 2 मोबाईल व स्कूटी के साथ युवक गिरफ्तार, तमनार पुलिस की कार्यवाही

रायगढ़, (आरएनएस)। थाना तमनार में पदस्थ सउनि उमाशंकर विश्वाल को मुखबीर द्वारा महलोई तमनार में निवासरत राज उर्फ पीला मिर्धा के पास चोरी की मोबाईल, स्कूटी होने की जानकारी दिया गया सूचना पर संदेही राज उर्फ पीला मिर्धा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, पूछताछ मेमोरेण्डम में राज मिर्धा के पास से 2 मोबाईल, 1 स्कूटी जप्त किया गया है । आरोपी युवक राज उर्फ पीला मिर्धा ने दोनों मोबाईल को धौंराभांठा से 2 नवंबर की रात्रि तथा स्कूटी को ओडिसा से चोरी करना स्वीकार किया है ।

## किशोरी को बहला-फुसला कर घर से भगाया

रायगढ़ , (आरएनएस)। जूटमिल चौकी क्षेत्र के ननसिया की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर घर से भागने का मामला सामने आया है। जब किशोरी स्कूल जाने के लिए निकली और देर शाम तक घर नही पहुँची। किशोरी के लापता होने की शिकायत जूटमिल पुलिस से की। पुलिस ने मामले की जाँच की और किशोरी को भगाने वाले तमनार क्षेत्र के आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पतासाजी के दौरान किशोरी को भी बरामद कर लिया है।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::



Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




आवश्यकता है
शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931